03-09-2021

वंदे भारत एक्सप्रेस

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'ट्रेन 18' जिसे बाद में 'वंदे भारत एक्सप्रेस' नाम दिया गया है- भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया पहल' इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई द्वारा निर्मित किया गया है।
2. इसे 160 किमी प्रति घंटे की परिचालन दक्षता के साथ भारत की पहली सेमी हाई-स्पीड ट्रेन के रूप में प्रदर्शित किया गया था।
3. इस ट्रेन को 15 फरवरी 2019 को लॉन्च किया गया था।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- भारतीय रेलवे द्वारा मार्च 2024 तक 102 'वंदे भारत ट्रेनों' के संचालन की योजना तैयार की जा रही है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- इस ट्रेन को 15 फरवरी 2019 को लॉन्च किया गया था।
- 'ट्रेन 18' जिसे बाद में वंदे भारत एक्सप्रेस नाम दिया गया है- को भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के तहत इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई द्वारा निर्मित किया गया है।
- इसे 160 किमी प्रति घंटे की परिचालन दक्षता के साथ भारत की पहली सेमी हाई-स्पीड ट्रेन के रूप में प्रदर्शित किया गया था।
- वंदे भारत ट्रेनें, स्व-चालित "इंजन रहित" ट्रेनों को समूह है।
- इनके तेज गति से रफ्तार पकड़ने और तीव्रता से धीमे होने की क्षमता के परिणामस्वरूप 'ट्रेन यात्रा' का समय कम हो जाता है।
- इसके कुछ यात्री अनुकूल विशेषताओं में यूरोपीय शैली की सीटें, डिफ्यूज एलईडी लाइटिंग, जीपीएस आधारित इंफोटेनमेंट सिस्टम आदि।
- अगस्त 2021 तक भारतीय रेलवे द्वारा मात्र दो वंदे भारत ट्रेनों को संचालन किया जा रहा है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- भारतीय रेलवे मार्च 2024 तक 102 वंदे भारत ट्रेनों के संचालन की योजना तैयार की जा रही है।

कोविड-19 स्थानिकता

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. स्थानिक रोग एक ऐसा रोग होता है, जो सदैव एक निश्चित आबादी या किसी भौगोलिक क्षेत्र में मौजूद रहता है।
2. स्थानीय (Endemic) रोग के कुछ उदारणों में चिकन पॉक्स और मलेरिया शामिल हैं, जहाँ विश्व के कुछ हिस्सों में प्रत्येक वर्ष अनुमानित संख्या में मामले सामने आते हैं।
3. कोविड की स्थानिकता के कारण केवल उन रोगजनकों का उन्मूलन किया जा सकता है, जिनके रिजर्वायर जानवर (अन्य प्रजाति) नहीं है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार भारत कोविड-19 की स्थानिकता के किसी चरण में प्रवेश कर रहा है, जहाँ निम्न से मध्यम स्तर का संचरण होता है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- स्थानिक रोग एक ऐसा रोग होता है, जो सदैव एक निश्चित आबादी या किसी भौगोलिक क्षेत्र में मौजूद रहता है।
- स्थानिक रोग के कुछ उदाहरणों में चिकन पॉक्स और मलेरिया शामिल हैं, जहाँ विश्व के कुछ हिस्से में प्रत्येक वर्ष अनुमानित संख्या में मामले सामने आते हैं।
- चेचक और पोलियो मानव वायरस के उदाहरण हैं, रिंडरपेस्ट एक मवेशी वायरस है।
- कोरोना वायरस रोग के मामलों में ऐसा ही देखा गया है, कि यह प्रसारित होता रहेगा क्योंकि यह एनिमल रिजर्ववायर में उपस्थित है।
- पेंडेमिक विश्वव्यापी होती है। कोई भी महामारी अधिक संख्या में लोगों को प्रभावित करती है, और किसी एपिडेमिक की तुलना में अधिक लोगों की जान लेती है।
- कोविड की स्थानिकता के कारण उन रोगजनकों का उन्मूलन किया जा सकता है,जिनके रिजर्वायर जानवर (अन्य प्रजाति) नही है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- प्रायः लोग स्थानिक रोग यानी ऐंडेमिक को महामारी/एपिडेमिक मान लेते हैं, जबकि महामारी किसी रोग के प्रकोप को संदर्भित करती है। महामारी तब होती है, जब किसी रोग का संक्रमण एक या एक से अधिक आबादी में फैल रहा है।
- कुछ परिस्थितियों में एक महामारी किसी रोग को स्थानिक बना सकती है।

NCR Draft Regional Plan -2041

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. DRP-2041 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र NCR को एक स्मार्ट क्षेत्र बनाने के लिए बुलेट ट्रेन, हेलिटैक्सी सेवाओं और स्मार्ट सड़कों को लाकर शहरों के बीच कनेक्टिविटी में सुधार करना चाहता है।
2. NCRPB में पूरी दिल्ली उत्तर प्रदेश के आठ जिले, हरियाणा के 14 जिले और साथ ही राजस्थान के दो जिले शामिल हैं।
3. DRP -2041 क्षेत्र को भीड़भाड मुक्त बनाने के लिए बहुस्तरीय पार्किंग परिसरों के निर्माण पर बल देता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- हाल ही में महत्वकांक्षी Draft Regional Plan -2041(DRP-2041) पर NCR योजना बोर्ड NCRPB द्वारा 31 अगस्त, 2021 को चर्चा की गई। हालाँकि इसकी मंजूरी को अभी के लिए टाल दिया गया है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- DRP-2041 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र NCR को एक स्मार्ट क्षेत्र बनाने के लिए बुलेट ट्रेन, हैलिटैक्सी सेवाओं और स्मार्ट सड़कों को शहर के बीच लाकर कनेक्टिविटी में सुधार करना चाहता है।
- DRP-2041 क्षेत्र को भीड़भाड मुक्त बनाने के लिए बहुस्तरीय पार्किंग परिसरों के निर्माण पर बल देता है।
- NCRPB में पूरी दिल्ली, उत्तरप्रदेश के आठ जिले, हरियाणा के 14 जिले और साथ ही राजस्थान के दो जिले शामिल हैं।
- यह लगभग 55,083 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करता है। यह मसौदा योजना के अनुसार 2031 तक NCRPB के कुल क्षेत्रों का 57 प्रतिशत शहरीकरण किया जाएगा जबकि 2041 तक 67 प्रतिशत शहरीकरण किया जायेगा।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- यह मसौदा योजना NCR में यात्रा को समय को कम करने की आवश्यकता पर जोर देती है। और पूरे क्षेत्र में यात्रा के समय को कम करने के लिए सुपरफास्ट ट्रेनों और हेलिटैक्सी सेवाओं की आवश्यकता पर जोर देती हैं।
- प्रत्येक राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्ग और एक्सप्रेसवे पर 50 किमी के अंतराल पर या एक घंटे के समय के भीतर ब्लड बैंक सहित सभी सुविधाओं से मुक्त ट्रॉमा सेंटर बनाने की सिफारिश की है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS